प्रधानमंत्री ने राजस्थान के झुंझुनू में राष्ट्रीय पोषण मिशन तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के विस्तार का शुभारंभ किया

राष्ट्रीय समाचार

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान के झुंझुनू में आज राष्ट्रीय पोषण मिशन का शुभारंभ किया और साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के विस्तार की शुरूआत भी की।
- प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के जरिये पूरा देश आज झुंझुनू से जुड़ गया है।

आईटीईसी देशों के लिए 12 दिवसीय 'निर्वाचन प्रबंधन हेतु क्षमता संवर्द्धन' आयोजित

राष्ट्रीय समाचार

- भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र व निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम), विदेश मंत्रालय के भारत तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, 'निर्वाचन प्रबंधन हेतु क्षमता संवर्द्धन' का आयोजन कर रहा है।
- यह कार्यक्रम 05 से 16 मार्च, 2018 तक चलेगा।
- 21 आईटीईसी देशों के 29 वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।
- कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उप चुनाव आयुक्त श्री सुदीप जैन ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।
- प्रतिनिधि अपने देशों के सबसे अच्छी चुनाव प्रक्रियाओं पर चर्चा कर रहे हैं।

2.50 रुपये की पूरी तरह ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकीन 'सुविधा' के लांच की घोषणा

राष्ट्रीय समाचार

- केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक और संसदीय कार्यमंत्री श्री अनंत कुमार ने आज यहां प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत पूरी तरह ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकीन 'सुविधा' के लांच की घोषणा की।
- यह किफायती सैनिटरी नैपकीन देश भर के 3200 जन-औषधि केंद्रों पर 2.50 रुपये प्रति पैड उपलब्ध होगी और यह भारत की वंचित महिलाओं के लिए स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुविधा सुनिश्चित करेगी।

महिला उद्यमियों के लिए उद्यम सखी पोर्टल का शुभारंभ

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सूक्ष्म ,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय एमएसएमई की ओर से आज भारतीय महिला उद्यमियों के लिए www.udyamsakhi.org. के नाम से एक पोर्टल शुरु किया गया।
- एमएसएमई राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने आज यहां एक कार्यक्रम मे पोर्टल का शुभारंभ किया।
- श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि देश में इस समय 80 लाख ऐसी महिलाएं हैं जिन्होंने अपना कारोबार शुरु किया है सफलातपूर्व उसे चला रही हैं।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारतीय रेल की महिला कर्मियों (ग्रुप-डी और सी) को सम्मानित किया गया

- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, रेलवे महिला कल्याण केन्द्रीय संगठन (आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ) ने आज 32 महिला कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया।
- ये महिलाएं विभिन्न रेलवे जोनों में ट्रेक मेन्टेनर, टेक्निशियन, लोको पायलट, हैंड कांस्टेबल, चीफ मेट्रन, वरिष्ठ संदेशवाहक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, खलासी और सफाई कर्मी के रूप में कार्य कर रही हैं।
- इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम करने वाले कुछ प्रमुख व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।



हरियाणा में विधुर पेंशन लागू किये जाने की घोषणा

- हरियाणा सरकार ने 07 मार्च 2018 को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अहम फैसला करते हुए हरियाणा में विधुर पेंशन लागू किये जाने की घोषणा की है.
- हरियाणा सरकार आगामी वित्त वर्ष में इस योजना को लागू कर सकती है.
- हरियाणा विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक रविंद्र मछरौली ने यह मुद्दा उठाया जिसके जवाब में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जल्द ही यह पेंशन लागू करने का ऐलान किया.

भारत का पहला महिला संचालित रेलवे स्टेशन

● महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय में मध्य रेलवे के माटुंगा रेलवे स्टेशन ने जुलाई 2017 में नई मिसाल कायम की है.

● यह देश का पहला महिला स्टेशन है जहां केवल महिला कर्मचारी ही तैनात हैं.

● इसके लिए माटुंगा का नाम लिम्का बुक ऑफ रेकॉड्‌र्स 2018 में दर्ज कर लिया गया है.

● माटुंगा की स्टेशन प्रबंधक ममता कुलकर्णी हैं जिनकी देखरेख में यहां महिलाएं ऑन ड्यूटी तैनात हैं.

राष्ट्रीय समाचार

कोरिया गणराज्य के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से भेंट की

● कोरिया गणराज्य के नेशनल एसेम्बली के अध्यक्ष श्री चुंग साईक्यून के नेतृत्व में कोरिया गणराज्य के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज (08 मार्च, 2018) राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द से भेंट की।

● प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया समान लोकतांत्रिक मूल्य और समाज आर्थिक दृष्टि साझा करते है। रणनीतिक हितों का भी एक अनोखा मेल है।

वैश्विक खबर

भारत-पाकिस्तान एक दूसरे के कैदियों को रिहा करने पर सहमत

● भारत और पाकिस्तान के बीच महिला कैदियों के साथ ही 18 वर्ष से कम आयु और 60 वर्ष से अधिक आयु के कैदियों की रिहाई करने की बात पर सहमति बनी हैं.

● उन्हें स्वदेश भेजने के साथ ही संयुक्त न्यायिक कमेटी के दौरे के बहाल करने के मानवीय प्रस्तावों पर भी सहमति बनी है.

● दोनों देशो के विदेश मंत्रालयों की तरफ से इस बारे में सूचना देकर यह आस जगाई गई कि भारत और पाकिस्तान के बीच तमाम मतभेदों को दूर करने के लिए समग्र वार्ता का दौर भी शुरू हो सकता है.

वैश्विक खबर

2 लाख भारतीय आईटी प्रफेशनल्स को को नौकरी देगा जापान

● जापान 2 लाख भारतीय आईटी प्रफेशनल्स के लिए दरवाजा खोलने जा रहा है।

● इन्हें जापान में बसाने के लिए ग्रीन कार्ड भी दिया जाएगा।

● जापान ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के वाइस प्रेसिडेंट शिगेकी मेडा ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

● इंडिया-जापान बिजनस पार्टनरशिप सेमिनार में उन्होंने कहा, 'इस समय देश में करीब 9,20,000 आईटी प्रफेशनल्स हैं और भारत से 2,00,000 से अधिक आईटी प्रफेशनल्स की तुरंत जरूरत है।

वैश्विक खबर

सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाकर 7% करने की घोषणा

● केंद्र सरकार ने लाखों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता (डीए) दो प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है.

● इससे केंद्र के लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा.

● केंद्र सरकार द्वारा 07 मार्च 2018 को कैबिनेट मीटिंग में इस संदर्भ में निर्णय लिया गया.

● पहले यह महंगाई भत्ता 5% था जिसे अब बढ़ाकर 7% कर दिया जायेगा.

अर्थव्यवस्था

10 नैशनल हाइवे को लीज पर देकर 66 अरब रुपये जुटाएगी सरकार

● सरकार 10 और नैशनल हाइवे को लीज पर देकर लगभग 66 अरब रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

● इस रकम का इस्तेमाल रोड कंस्ट्रक्शन के लिए किया जाएगा।

● नैशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मेंबर (फाइनैंस) रोहित कुमार सिंह ने बताया कि सरकार के मालिकाना हक वाले हाइवेज को लीज पर देने के इस दूसरे राउंड के लिए बोलियां अप्रैल में मंगाई जाएंगी।

● ये हाइवे टोल-ऑपरेट, ट्रांसफर मॉडल पर दिए जाएंगे।

अर्थव्यवस्था

रक्षा उत्पादन में 4 सालों में महज 1.17 करोड़ रुपये एफडीआई

अर्थव्यवस्था

- 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा उत्पादन क्षेत्र में पिछले 4 साल में देश में महज 1.17 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है।
- इस समान अवधि में भारत ने विदेशों से हथियार खरीद के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 70 कॉन्ट्रैक्ट साइन किए हैं।
- इनमें इजरायल से रडार और मिसाइल, अमेरिका से एयरक्राफ्ट और तोप, रूस से रॉकेट्स और सिम्युलेटर्स शामिल हैं।

सरकार ने संसद से 85,315 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की अनुमति मांगी

अर्थव्यवस्था

- सरकार ने इस महीने समाप्त हो रहे मौजूदा फाइनैंशल इयर में 85,315 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च करने के लिए गुरुवार को संसद से अनुमति मांगी।
- इस अतिरिक्त खर्च का 70 पर्सेंट गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) को लागू करने से राज्यों को हुए रेवेन्यू के नुकसान की भरपाई के लिए होगा।
- संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में ग्रांट के लिए सप्लिमेंटरी डिमांड का चौथा बैच पेश किया।

अमीरों की फोर्ब्स लिस्ट में 8 भारतीय महिलाएं

श्रेणी

- प्रतिष्ठित बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स की दुनिया के सबसे रईस लोगों की लिस्ट में आठ भारतीय महिलाओं को जगह मिली है।
- फोर्ब्स 2018 वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स लिस्ट में कुल 256 महिलाएं हैं।
- इस लिस्ट में इतनी महिलाओं की संख्या पहले कभी नहीं रही है।
- इन महिलाओं की सामूहिक नेटवर्थ 1 लाख करोड़ डॉलर से अधिक की है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 20 पर्सेंट ज्यादा है।
- लिस्ट में टॉप पर मौजूद अधिकतर महिलाओं को विरासत में संपत्ति मिली है।